Printed Pages : 4

# SJN-05

## B.A. (Part-I) Main Examination, 2021

## ( Old Course )

## HINDI LITERATURE

## [ Paper : II ]

## ( हिन्दी कथा साहित्य )

***Time Allowed : Three Hours***

***Maximum Marks :75***

***Minimum Passing Marks : 25***

**निर्देश: सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रश्नों में आन्तरिक विकल्प हैं। प्रश्नों के सम्मुख उनके अंक दर्शाए गए हैं।

1. निम्नलिखित में से **किन्हीं तीन** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

[7x3=21]

(क) बालिका के आनंद की सीमा न थी। शायद हीरों के हार से भी उसे इतना आनंद न होता। उसे पहनकर वह सारे गांव में नाचती फिरी। उसके पास जो बाल-संपति थी, उसमें सबसे मूल्यवान, सबसे प्रिय यही बिलौर का हार था।

(ख) 'गुरू-दक्षिणा भी मुझी को देनी पड़ेगी। मैंने तुम्हें चार हरफ अंग्रेजी पढ़ा दिए, तुम्हारा इससे कोई उपकार न होगा। तुमने मुझे पाठ पढ़ाए हैं, उन्हें मैं उम्र-भर नहीं भूल सकता। मुँह पर बड़ाई करना खुशामद है; लेकिन दादा, माता-पिता के बाद जितना प्रेम मुझे तुमसे है, उतना और किसी से नहीं।'

(ग) गनी ने देखा कि पहलवान के होंठ सूख रहे हैं और उसकी आँखों के गिर्द दायरे गहरे हो गये हैं। वह उसके कन्धे पर हाथ रखकर बोला, जो होना था, हो गा रक्खिआ। उसे अब कोई लौटा थोड़े ही सकता है। खुदा नेक की नेकी बनाये रखे और बद की बदी माफ करे।

(घ) घर में मिट्टी के दो-चार बर्तन के सिवा कोई संपत्ति नहीं। फटे-चीथड़ों से अपनी नग्नता को ढांके हुए जिये जाते थे। संसार की चिंताओं से मुक्त कर्ज से लदे हुए। गालियाँ भी खाते, मार भी खाते, मगर कोई गम नहीं।

(ड.) बिना मजदूरी के पेट-भर भात पर काम करने वाला कारीगर। दूध में कोई मिठाई न मिले, तो कोई बात नहीं, किन्तु बात में जरा भी झाल वह नहीं बर्दाश्त कर सकता।

2. प्रेमचन्द विरचित 'गबन' उपन्यास के उद्देश्यों पर प्रकाश डालिए। [12]

अथवा

'गबन' उपन्यास में किस सामाजिक समस्या पर बल दिया गया है ?

3. प्रेमचन्दोत्तर हिन्दी कहानी के विकास को रेखांकित कीजिए। [12]

**अथवा**

'कफन' प्रेमचन्द की अन्य कहानियों से भिन्न क्यों है ? स्पष्ट कीजिए।

4. निम्नलिखित लघु उत्तरीय प्रश्नों में से **किन्हीं तीन** के उत्तर दीजिए : [5x3=15]

(क) शिवानी का साहित्यिक परिचय दीजिए।

(ख) बालशौरि रेड्डी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालिए।

(ग) 'चीफ की दावत' कहानी का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।

(घ) चम्पा का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(ङ.) रमानाथ के चरित्र की विशेषताओं को लिखिए।

5. निम्नलिखित अति लघु उत्तरीय प्रश्नों में से **किन्हीं पन्द्रह** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : [1x15=15]

(1) 'आकाशदीप' के नायक का नाम लिखिए।

(2) 'परदा' कहानी समाज के किस वर्ग से सम्बद्ध है ?

(3) चम्पा किस कहानी की नायिका है ?

(4) घीसू की बहू का क्या नाम है ?

(5) ठेस कहानी के कहानीकार का क्या नाम है ?

(6) 'हंस' पत्रिका का प्रकाशन किसने किया था ?

(7) किसे हिन्दी का उपन्यास सम्राट कहा जाता है ?

(8) कहानी के कितने तत्व होते हैं ?

(9) जली हुई रस्सी के कहानीकार कौन हैं?

(10) 'आकाशदीप' के लेखक का नाम लिखिए।

(11) सिरचन किस कहानी का पात्र है ?

(12) गदल के बेटे का नाम लिखिए।

(13) यशपाल की कहानी का नाम लिखिए।

(14) 'रक्खे पहलवान' किस कहानी का पात्र है ?

(15) 'गबन' की जलपा के पिता का नाम था

(16) उपेन्द्रनाथ 'अश्क' का जन्म कहाँ हुआ था ?

(17) उपेन्द्रनाथ अश्क की कहानी का नाम लिखिए।

(18) जलपा ने घृणा से क्या ठुकरा दिया ?

(19) प्रेमचन्द का नाम क्या था ?

(20) पाठ्यक्रम में कुल कितनी कहानियाँ संकलित हैं ?

--------- x ---------